राँची
05/03/2014

ICFAI UNIVERSITY JHARKHAND



इक्फाई वि० वि० द्वारा प्रदान 2014 अन्तर्राज्यीय महाविद्यालय क्विज प्रतियोगिता तथा सत्र 2014 एम० बी० ए० पाठ्यक्रम का विमोचन तथा आयोजन किया गया।

इक्फाई वि० वि० झारखण्ड द्वारा 2014 सत्र के एम० बी० ए० पाठ्यक्रम का विमोचन किया गया। शिक्षकों तथा अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो० ओ० आर० एस० राव (वी० सी० इक्फाई वि०वि०) ने कहा कि एम० बी० ए० की पढ़ाई विद्यार्थियों के अच्छे भविष्य के लिए उत्तम है। अगले पाँच वर्षों में बैंको के क्षेत्र में नौकरी की अधिकता को ध्यान में रखते हुए इक्फाई वि० वि० ने एम० बी० ए० के पाठ्यक्रम में आठ ऐच्छिक विषयों का समावेशन किया गया है। सभी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए उद्योगों तथा बैंको में भेजा जाता है।

इस क्विज प्रतियोगिता में 80 विद्यार्थियों तथा 12 महाविद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया जिसमें राँची महिला कॉलेज, राँची कॉलेज राँची, संत पॉल कॉलेज, डोरण्डा कॉलेज राँची आदि शामिल हैं। जिसमें कि प्रथम विजेता अंकित नंदन, नितेश कुमार, राँची कॉलेज राँची, ने पुरस्कार प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार नीतिश कुमार एवं हर्षवर्धन चौबदा सत्संग महाविद्यालय ने पुरस्कार प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान पर दिव्या कुमारी एवं सौरव कुमार सिंह जे एन कॉलेज धुर्वा के रहे।

जीतने वाले विद्यार्थियों को धन्यवाद देते हुए प्रो० रजुद्दीन (राँची वि०वि० के वी०सी०) ने उन्नत शिक्षा तथा विद्यार्थियों के चारित्रिक विकास के लिए इक्फाई वि०वि० के प्रयासों की प्रशंसा की है। प्रो० एस० सी० गुप्ता तथा प्रो० प्रो० अशोक कुमार चौधरी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

डॉ० के.के. नाग (वि०वि० के बोर्ड ऑफ गवर्नर के सदस्य) ने विद्यार्थियों को अपने प्रयास से अच्छे भविष्य बनाने की सलाह दी।

एम० बी० ए० पाठ्यक्रम की व्याख्या करते हुए डॉ० बी० एम० सिंह ने (रजिस्ट्रार इक्फाई वि०वि०) कहा कि यूनिवर्सिटी झारखण्ड डोमिसाइल के विद्यार्थियों के फीस में कटौती भी करती है। मेधावी छात्र तथा छात्राओं के लिए भी फीस में छूट है।

प्रो० ए० एस० प्रसाद (सह डीन), फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंस, प्रो० मदन प्रसाद (सह डीन) फैकल्टी को साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी अन्य शिक्षकों तथा पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इक्फाई वि० वि० झारखंड - एक झलक

इक्फाई वि०वि० झारखंड (आइ यू जे), इक्फाई वि० वि० समूह का एक हिस्सा है, जो भारत मे व्यवसायोन्मुख शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी स्थान रखता है। वि० वि० की स्थापना इक्फाई वि० वि० झारखंड अधिनियम 2006 के तहत हुई, जो कि राज्य विधानमंडल द्वारा पारित किया गया था तथा झारखंड सरकार द्वारा दिनांक 17 जून 2008 को अधिसूचित किया गया। वि० वि० यूजीसी के अधिसूचना, 01 दिसबर 2009, के तहत यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 22 के अंतर्गत डिग्री प्रदान करने के लिए अधिकृत है।

वि० वि० अनेक व्यवसायोन्मुख स्नातक तथा स्नातकोत्तर की शिक्षा प्रदान करती है जिनमे बीटेक, बीबीए, बीसीए, एमबीए व पीएचडी (प्रबंधन) शामिल है। वि० वि० विशिष्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ अनुभवी शिक्षकों से सुसज्जित है।

वि० वि० के बारे मे अधिक जानकारी वेबसाइट www.iujharkhand.edu.in पर उपलब्ध है।

"Grooming Professionals. With Values"